राजभाषा हिन्दी के 75 वर्ष पूरे करने के उपलक्ष्य में भा.वा.अ.शि.प. - वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट में हिन्दी सप्ताह-2024 समारोह का आयोजन:

भा.वा.अ.शि.प. - वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट में डॉ. नितिन कुलकर्णी, माननीय निदेशक के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में राजभाषा हिन्दी के प्रचार-प्रसार के लिए विगत वर्षों की भाँति दिनांक 14 सितम्बर से 20 सितम्बर, 2024 को हिन्दी सप्ताह-2024 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष हिन्दी दिवस समारोह का शुभारंभ सामूहिक रूप से दिनांक को 14 सितम्बर, 2024 को माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह की अध्यक्षता में भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित किया गया। इस अवसर पर भा.वा.अ.शि.प. - वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट के अधिकारी एवं कर्मचारीवृंद लाइव वेबकॉस्ट के माध्यम से इस कार्यक्रम के साक्षी बने।

हिन्दी सप्ताह-2024 समारोह का समापन दिनांक 20 सितम्बर, 2024 को संस्थान के निदेशक डॉ. नितिन कुलकर्णी के अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हर वर्ग के कर्मचारियों यथा वैज्ञानिक, अधिकारी, कर्मचारिवृंद एवं अन्य ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया एवं दिनानुदिन कार्यों में राजभाषा के प्रयोग करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रेरणा एवं प्रोत्साहन स्वरूप **"स्वतंत्र भारत की राजभाषा-हिन्दी"** विषयक लघु वृत्तचित्र दिखाया गया, जिसका हिन्दी भाषी एवं हिन्दीतर भाषी कार्मिकों पर राजभाषा हिन्दी के संबंध में सकारात्मक प्रभाव पड़ा और दिखलाई गई वृत्तचित्र से कर्मचारिवृंद प्रेरित भी हुए।

माननीय निदेशक महोदय ने हिन्दी सप्ताह समारोह में अपने संबोधन में सभी को बीते हिन्दी दिवस की शुभकामनाएं दी तथा सभी प्रभागाध्यक्षों, वैज्ञानिकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा राजभाषा हिन्दी में किए जा रहे कार्यों व प्रयासों की सराहना और भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सरकारी सेवा में रहते हुए राजभाषा हिन्दी से संबंधित अपने संवैधानिक दायित्वों के निर्वहन का अनुरोध किया। उन्होंने हिन्दी सप्ताह के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले सभी कार्मिकों एवं पुरस्कार विजेताओं की प्रशंसा किया।

संस्थान में हिन्दी सप्ताह (14-20 सितम्बर, 2024) के दौरान निम्नलिखित कार्यक्रम/प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं ।

क्र.सं.	कार्यक्रम/प्रतियोगिता का नाम	दिनांक	स्थान
1.	हिन्दी दिवस एवं अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन	14 से 15 सितंबर 2024	भारत मंडपम, नई दिल्ली
2.	'कंठस्थ 2.0' हिन्दी कार्यशाला	17 सितम्बर, 2024	सीएसआईआर-निस्ट, जोरहाट, असम
3.	हिन्दी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता	18 सितम्बर, 2024	भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं., जोरहाट
4.	राजभाषा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता	19 सितम्बर, 2024	सीएसआईआर-निस्ट, जोरहाट, असम
5.	हिन्दी कविता पाठ प्रतियोगिता एवं हिन्दी सप्ताह समापन समारोह	24 सितम्बर, 2024	भा.वा.अ.शि.प.-वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट, असम

हिन्दी सप्ताह कार्यक्रम के दौरान गतिविधियाँ:

दिनांक 18 सितम्बर, 2024 को भा.वा.अ.शि.प.- वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट में हिन्दी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें संस्थान के अधिकारी एवं कर्मचारिवृंद ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में कुल 12 अधिकारियों व कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान क्रमशः 1. डॉ. आर. के. बोरा, वैज्ञानिक-जी, सुश्री निमिषा बरुआ, एम.टी.एस. 2. श्री अंशुमान बोरा, वरिष्ठ भंडारपाल, श्री अनंत रबिदास, वन रक्षक तथा 3. डॉ. निबेदिता बरुआ दत्त, मुख्य तकनीकी अधिकारी, सुश्री रेखा महतो, वैज्ञानिक-बी ने प्राप्त किया।

दिनांक 24 सितम्बर, 2024 को हिन्दी कविता-पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें अधिकारियों व कर्मचारियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम और द्वितीय स्थान क्रमशः श्री असीम चेतिया, पुस्तकालय सूचना सहायक और संयुक्त रूप में डॉ. आर.के. बोरा, वैज्ञानिक-जी और श्री प्रणवभूषण गोस्वामी, तकनीकी अधिकारी ने प्राप्त किया।

दिनांक 24.09.2024 को आयोजित समापन कार्यक्रम के अंत में श्री शंकर शॉ, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी, हिन्दी प्रकोष्ठ, भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं., जोरहाट ने हिन्दी सप्ताह-2024 कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए माननीय निदेशक महोदय, सभी प्रभागाध्यक्ष, अनुभाग अधिकारियों, प्रतिभागियों, परीक्षकों तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों और प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से कार्यक्रम में सहयोग प्रदान करने हेतु सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया।

हिन्दी सप्ताह-2024 कार्यक्रम की कुछ झलकियां...............

हिन्दी सप्ताह-2024 के समापन सत्र में उपस्थित संस्थान डॉ. नितिन कुलकर्णी, माननीय निदेशक सहित वरिष्ठ वैज्ञानिकगण, अधिकारीगण व कर्मचारिवृंद

"स्वतंत्र भारत की राजभाषा-हिन्दी" विषयक लघु वृत्तचित्र देखते हुए माननीय निदेशक महोदय सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीवृंद



हिन्दी कविता पाठ प्रतियोगिता में भाग लेते हुए संस्थान के अधिकारी एवं कर्मचारिवृंद

माननीय निदेशक महोदय के कर-कमलों से प्रशस्ति पत्र ग्रहण करते हुए वैज्ञानिकगण

मान्नीय निदेशक महोदय के कर-कमलों से प्रशस्ति पत्र ग्रहण करते हुए अधिकारीगण

माननीय निदेशक महोदय के कर-कमलों से प्रशस्ति पत्र ग्रहण करते हुए कर्मचारिवृंद

माननीय निदेशक महोदय के कर-कमलों से प्रशस्ति पत्र ग्रहण करते हुए कर्मचारिवृंद

समाप्त...